जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

न्यू महरौली रोड़, नई दिल्ली -110067

स. दीक्षात समारोह(7वां)/मूल्यांकन-I/ दिनांकः 10.01.2024

<u>सूचना</u>

सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह 2 फरवरी, 2024 को भौतिक/ऑफ़लाइन मोड में आयोजित किया जा रहा है ताकि उन सभी पात्र पी.एच.डी छात्र/छात्राओं को पी.एच.डी डिग्री प्रदान की जा सके जिन्होंने **दिनांकः 16.01.2023 से 15.01.2024** की अवधि के दौरान पी.एच.डी पाठ्यक्रम को पूरा कर लिया है/पूरा किया जाएगा और जिन्हें मूल पी.एच.डी डिग्री जारी नहीं की गई है।

सभी पात्र पीएचडी छात्र/छात्राओं को **दिनांकः 10.01.2024 से 25.01.2024** तक पंजीकरण पोर्टल jnu.ac.in/convocation पर पंजीकरण शुल्क के रूप में 1200/- रु. (बारह सौ रुपये केवल) का भुगतान करके दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण करना होगा।

सभी संस्थानों के डीन, विशेष केंद्राध्यक्ष एवं अध्ययन संस्थानों के केंद्रों से अनुरोध है कि वे अपने अध्ययन संस्थानों के सभी पात्र पी.एच.डी छात्र/छात्राओं की सूची उनके पर्यवेक्षकों के नाम,मौखिक परीक्षा की तिथि और डॉक्टरेट थीसिस के शीर्षक सहित अगली आवश्यक कार्रवाई हेतु मूल्यांकन शाखा को **<u>दिनांकः 10.01.2024</u>** तक अवश्य भेज दें।

कृपया यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र पी.एच.डी छात्र/छात्राओं द्वारा 'बेबाकी प्रमाणपत्र' अवश्यप्रस्तुत कर दिया जाए।

इसे सक्षमप्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(उमाकान्त अग्रवाल)
संयुक्त कुलसचिव (मूल्यांकंन)

प्रतिलिपि

1. सभी सूचना पट्ट
2. निदेशक-सीआईएस-विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
3. सभी संस्थानो के डीन/विशेष केंद्राध्यक्ष/अध्ययन संस्थानों के केंद्र
4. डीन (छात्र), अंतरहाल प्रशासन (आईएचए)
5. पुस्तकाध्यक्ष, जेएनयू
6. मुख्य कुलानुशासक, जेएनयू
7. प्रोवोस्ट, जेएनयू
8. सभी छात्रावासों के वरिष्ठ वार्डन
9. कुलपति/कुलदेशिक/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी के निजी सचिव

अनुरोध है कि इसे सूचना पट्ट पर लगाने और ई-मेल के माध्यम से छात्र/छात्राओं को भेजा जाए।